कार्य हेतु आगणन धनांक रू0 11,51,31,236.00 की स्वीकृति नोट पृष्ठ संख्या 6 एवं 7 पर प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 21.05.08 में मद संख्या–15 के अनुसार प्रदान की गई है।

कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन प्राधिकरण वैबसाइट तथा हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा एवं अमर उजाला समाचार पत्रों में दिनांक 14.06.08 को कराते हुए दिनांक 25.06.08 को निविदाएं मांगी गई। अर्हता प्राप्त तीन निविदादाताओं की प्राइस बिड स्वीकृति उपरान्त दिनांक 08.07.08 को खोली गयी, जिसमें सर्वनिम्न निविदा मैसर्स नरेश अग्रवाल कन्सट्रक्शन प्रा0 लिमिटेड की बी0ओ0क्यू0 दरों से 32.10 प्रतिशत उच्च धनांक रू0 15,05,82,537.46 प्राप्त हुई है।

कार्य बहुमंजिले भवनों के निर्माण से सम्बन्धित है और इसका आगणन दिल्ली दर अनुसूची–2007 की दरों पर आधारित हैं। अतः कार्य की न्यायोचित धनराशि की गणना के लिए खण्ड द्वारा नोट पृष्ठ संख्या–17 पर वर्णित बिन्दुओं के आलोक में कार्य की न्यायोचित लागत रू0 15,28,33,825.23 अभियंत्रण खण्ड द्वारा आकलित है। सर्वनिम्न निविदा की दरें न्यायोचित धनांक से 1.40 प्रतिशत निम्न है। प्राप्त निविदा एवं न्यायोचित धनराशि की गणना की तकनीकी जांच अवर अभियन्ता (तकनीकी) एवं वैयक्तिक सहायक (तकनीकी) द्वारा कर ली गई है तथा उपयुक्त पायी गई है।

उपाध्यक्ष महोदय के आदेश पत्र संख्या–241/1/2008 दिनांक 19.08.08 के अनुपालन में संज्ञान में लाना है कि मैसर्स नरेश अग्रवाल कन्स0 प्रा0 लि0 ने विगत वर्ष 2007–08 में रु0 351.45 लाख के दो कार्य लिये थे, जिसमें रु0 284.43 लाख के कार्य संतोषजनक रूप से सम्पादित कराये जा चुके हैं।

उपर्युक्त कार्य के सम्बन्ध में दिनांक 9.9.08 को निविदा समिति की बैठक हुई जिसमें अधिशासी अभियन्ता–4 की संस्तुति एवं अवर अभियन्ता (तकनीकी) एवं वैयक्तिक सहायक (तकनीकी) की जांच आख्या के कम में सम्यक विचार विमर्श एवं पत्रावली के दायीं एवं बायीं ओर उपलब्ध अभिलेखों के अवलोकन उपरान्त समिति द्वारा सर्वनिम्न निविदादाता मैसर्स नरेश अग्रवाल कन्सट्रक्शन प्रा0 लिमिटेड की प्राप्त सर्वनिम्न निविदा रू0 15,05,82,537.46 (रू0 पन्द्रह करोड़ पाँच लाख ब्यासी हजार पाँच सौ सैंतीस व पैसा छियालिस मात्र) जो कि बी0ओ0क्यू0 दरों से 32.10 प्रतिशत उच्च है परन्तु न्यायोचित धनांक से 1.40 प्रतिशत निम्न है, की स्वीकृति हेतु संस्तुति की जाती है।

9.9.08

| (अनिल गर्ग) | (अभय जायसवाल) | (एस0के0 जमान) | (राजकुमार सचान) |
|---|---|---|---|
| मुख्य अभियन्ता | वित्त नियन्त्रक | मुख्य वास्तुविद् एवं नगर नियोजक | सचिव |

H.C./C.C.

(4)